निर्देश

दैनिक जीवन में भिन्न

आप किस तरह के सवाल हल करना सीख जाओगे ?

- आधा, पाव,पौना इन शब्दों को भिन्न के रूप में लिखना। (कंकड़ों
- किसी वस्तु, संख्या या रुपयों का दो-तिहाई, एक-चौथाई आदि निकालना।

कैंप के पहले :

वीडियो देखें : 1. दैनिक जीवन में भिन्न।
2. भिन्न के सवाल

कैंप के दौरान :

गतिवधि करें : कंकड़ से भिन्न

सामग्री : कंकड़ |

गतिविधि कैसे करेंगे? :
1. अपने आस-पास से 30 कंकड़ लें।
2. इन कंकडों को 3 बराबर भागों में बाँट लें।
3. अब किसी एक भाग के कंकडों को अलग कर गिन लें।
4. यह कुल कंकडों का एक -तिहाई होंगे और इन्हें भिन्न में $\frac{1}{3}$ लिखेंगे।
5. इसी तरह कुछ कंकड़ लेकर उनका एक- चौथाई ($\frac{1}{4}$),दो चौथाई ($\frac{2}{4}$), दो-तिहाई ($\frac{2}{3}$) आदि निकालें।

नोट : इस गतिविधि को आप अलग- अलग वस्तुओं या करंसी नोटों के साथ भी कर सकते हो।

खेल खेलें : भिन्न के शाब्दिक सवाल

खेल खेलने के लिए खेल के नाम पर क्लिक करें।

वर्कशीट हल करें : दैनिक जीवन में भिन्न |

कैंप के बाद :

करके देखें - दैनिक जीवन में भिन्न- दिए गए कार्य को करें|